This question paper contains 4+2 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **1351**

Unique Paper Code : **205603** **D**

Name of the Paper : **XIX-B : अनुवाद (Anuvad)**

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi**

Semester : **VI**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. बहुभाषा-भाषी भारतीय समाज में पारस्परिक बोधगम्यता की दृष्टि से अनुवाद की भूमिका पर प्रकाश डालिए । 14

अथवा

भारतीय भाषाई परिदृश्य पर विहंगम दृष्टि डालते हुए भारत की प्रधान भाषाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

2. अनुवाद और तत्काल भाषान्तरण के अंतर को स्पष्ट करते हुए उनकी प्रवृत्ति एवं प्रविधि की भिन्नता पर विचार कीजिए । 14

अथवा

अनुवादक पद की अर्हताओं पर विचार करते हुए अनुवाद के व्यावसायिक परिदृश्य पर प्रकाश डालिए ।

P.T.O.

3. अनुवाद के क्षेत्र में कम्प्यूटर का योगदान स्पष्ट करते हुए उसकी सीमाओं और संभावनाओं पर विचार कीजिए । 14

अथवा

अनुवाद के विभिन्न सोपानों का परिचय देते हुए पुनरीक्षण के महत्त्व का विवेचन कीजिए ।

4. (क) अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 8+7=15

Take a deep breath. Exhale. Feel the quietness around you. Yoga studios around the world are now combining *asanas* with relaxation and spirituality. They offer more than just *asanas*; they are now spiritual spaces or villages where you can reach your soul. After a yoga session, you sip herbal tea, talk in Sanskrit. Why, you can even become an activist in *dharma* ! The new movement is about taking yoga beyond the mat. It's about doing something more than just breathing or bending.

अथवा

An Indian woman has undergone dramatic and drastic changes from era to era. If on one hand, she is at the peak of ladder of success, on the other hand she is suffering the violence afflicted on her by her own familymembers. The sex ratio of India shows that the Indian society is still prejudiced against female. There are many problems which women in India have to go through daily e.g. Malnutrition, Poor, Health, Lack of education, Dowry, Divorce etc.

(ख) हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

शान्तनु प्रथम विश्वयुद्ध से सम्बन्धित किस्से सुना रहे थे । उधर हमारा ड्राइवर रमाकान्त भी पशु-चोरों के किस्से सुनाने लगा । रमाकान्त बड़ी उम्र का आदमी था और गंजे हो रहे अपने सर को सूरज से बचाने के लिए नेपाली टोपी पहने हुए था । उसकी गर्दन उसकी कमीज के कालर में छिपी हुई थी । घाटी के अन्य बोडो लोगों की आँखों की तरह उसकी आँखें छोटी थीं । मूँछ बिल्कुल पतली । बढ़िया ड्राइवर था वह । ब्रेक या क्लच तो कभी-कभी ही इस्तेमाल करता था ।

अथवा

छोटा परिवार वास्तव में सुखी परिवार होता है । इसका प्रमुख कारण है महँगाई, जिसके कारण बड़े परिवार का गुज़ारा बहुत कठिनाई से होता है । परिवार के प्रत्येक सदस्य को भोजन, कपड़ा, शिक्षा और निवास की आवश्यकता होती है । आय सीमित होने पर बड़े परिवार का जीवन-स्तर नीचे गिरना स्वाभाविक है । केवल छोटा परिवार ही सुखी परिवार हो सकता है ।

5. निर्देशानुसार कीजिए :

(क) निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों में से किन्हीं **दो** की हिंदी समतुल्य अभिव्यक्तियाँ लिखिए : 2

(*i*) All that glitters is not gold.

(*ii*) To be caught red handed.

(*iii*) To be one in a million.

(*iv*) Crocodile tears

(*v*) Silence is golden

(*vi*) To risk one's life.

(ख) निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों में से किन्हीं **दो** की अंग्रेजी समतुल्य अभिव्यक्तियाँ लिखिए : 2

(*i*) जैसा बोओगे, वैसा काटोगे ।

(*ii*) ईद का चाँद होना ।

(*iii*) आग में घी डालना ।

(*iv*) अग्रसोची सदा सुखी ।

(*v*) अंत भले का भला ।

(*vi*) जिसकी लाठी उसकी भैंस ।

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **चार** के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 4

Lecturer, Minister, Import, Fund, Typist, Bonus, Clause, Audio-visual, Classwork, Identity-card, Agenda, Notice.

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **चार** के अंग्रेजी प्रतिरूप लिखिए : 4

भत्ता, परमाणु, मतदान, थोक, निवेश, आकस्मिक अवकाश, वार्षिक, मंत्रिमडल, आयात, दलाल, केन्द्र ।

(ङ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** वाक्यांशों का अंग्रेजी में रूपांतरण कीजिए : 2

(*i*) यदि आप बुरा न मानें,

(*ii*) एक ही बात है

(*iii*) आ टपकना

(*iv*) बात काटना ।

(च) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यांशों का हिंदी में रूपांतरण कीजिए : 2

(*i*) Take care

(*ii*) To walk out

(*iii*) By hand

(*iv*) As long as.

(छ) हिंदी समतुल्य लिखिए : 1

'I am sorry'.

अथवा

'Do not disturb'.

(ज) अंग्रेजी समतुल्य लिखिए : 1

'कृपया मोबाइल बन्द रखें'

अथवा

'धूम्रपान निषेध' ।